ISSN: 2395-7852

International Journal of Advanced Research in Arts, Science, Engineering & Management

Volume 10, Issue 2, March 2023

INTERNATIONAL STANDARD SERIAL NUMBER INDIA

Impact Factor: 6.551

+91 9940572462 +91 9940572462 ijarasem@gmail.com www.ijarasem.com

International Journal of Advanced Research in Arts, Science, Engineering & Management (IJARASEM)

| ISSN: 2395-7852 | www.ijarasem.com | Impact Factor: 6.551 |Bimonthly, Peer Reviewed & Referred Journal|

| Volume 10, Issue 2, March 2023 |

महाभारत में वर्णित युद्धनीति की वर्तमान में प्रसंगिकता

Dr. Kusum Rathore

Assistant Professor in History, Govt. College, Sirohi, Rajasthan, India

सार

महाभारत भारत का एक प्रमुख काव्य ग्रंथ है, जो स्मृति के इतिहास वर्ग में आता है। इसे **भारत** भी कहा जाता है। यह काव्यग्रंथ भारत का अनुपम धार्मिक, पौराणिक, ऐतिहासिक और दार्शनिक ग्रंथ हैं।[1] विश्व का सबसे लंबा यह साहित्यिक ग्रंथ और महाकाव्य, हिन्दू धर्म के मुख्यतम ग्रंथों में से एक है। इस ग्रन्थ को हिन्दू धर्म में पंचम वेद माना जाता है।[2] यद्यपि इसे साहित्य की सबसे अनुपम कृतियों में से एक माना जाता है, किन्तु आज भी यह ग्रंथ प्रत्येक भारतीय के लिये एक अनुकरणीय स्रोत है। यह कृति प्राचीन भारत के इतिहास की एक गाथा है। इसी में हिन्दू धर्म का पवित्रतम ग्रंथ भगवद्गीता सन्निहित है। पूरे महाभारत में लगभग १,१०,००० श्लोक हैं[3], जो यूनानी काव्यों इलियड और ओडिसी से परिमाण में दस गुणा अधिक हैं।[4][5]

परंपरागत रूप से, महाभारत की रचना का श्रेय वेदव्यास को दिया जाता है। इसकी ऐतिहासिक वृद्धि और संरचनागत परतों को जानने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। महाभारत के थोक को शायद तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व और तीसरी शताब्दी के बीच संकलित किया गया था, जिसमें सबसे पुराने संरक्षित भाग ४०० ईसा पूर्व से अधिक पुराने नहीं थे।[6][7] महाकाव्य से संबंधित मूल घटनाएँ संभवतः 9 वीं और 8 वीं शताब्दी ईसा पूर्व के बीच की हैं।[7] पाठ संभवत: प्रारंभिक गुप्त राजवंश(c. ४ वीं शताब्दी सीई) द्वारा अपने अंतिम रूप में पहुंच गया।[8][9] महाभारत के अनुसार, कथा को २४,००० श्लोकों के एक छोटे संस्करण से विस्तारित किया जाता है, जिसे केवल भारत कहा जाता है।[10] हिन्दू मान्यताओं, पौराणिक संदर्भो एवं स्वयं महाभारत के अनुसार इस काव्य का रचनाकार वेदव्यास जी को माना जाता है। इस काव्य के रचयिता वेदव्यास जी ने अपने इस अनुपम काव्य में वेदों, वेदांगों और उपनिषदों के गुह्यतम रहस्यों का निरुपण किया हैं। इसके अतिरिक्त इस काव्य में न्याय, शिक्षा, चिकित्सा, ज्योतिष, युद्धनीति, योगशास्त्र, अर्थशास्त्र, वास्तुशास्त्र, शिल्पशास्त्र, कामशास्त्र, खगोलविद्या त था धर्मशास्त्र का भी विस्तार से वर्णन किया गया हैं।[11]

परिचय

चन्द्रवंश से कुरुवंश तक की उत्पत्ति

पुराणो के अनुसार ब्रह्मा जी से अत्रि, अत्रि से चन्द्रमा, चन्द्रमा से बुध और बुध से इलानन्दन पुरूरवा का जन्म हुआ। पुरूरवा से आयु, आयु से राजा नहुष और नहुष से ययाति उत्पन्न हुए। ययाति से पुरू हुए। पूरू के वंश में भरत और भरत के कुल में राजा कुरु हुए। कुरु के वंश में शान्तनु का जन्म हुआ। शान्तनु से गंगानन्दन भीष्म उत्पन्न हुए। उनके दो छोटे भाई और थे - चित्रांगद और विचित्रवीर्य। ये शान्तनु से सत्यवती के गर्भ से उत्पन्न हुए थे। शान्तनु के स्वर्गलोक चले जाने पर भीष्म ने अविवाहित रह कर अपने भाई विचित्रवीर्य के राज्य का पालन किया। चित्रांगद बाल्यावस्था में ही चित्रांगद नाम वाले गन्धर्व के द्वारा मारे गये। फिर भीष्म संग्राम में विपक्षी को परास्त करके काशिराज की तीन कन्याओं - अम्बा अंबिका और अंबालिका को हर लाये। वे दोनों विचित्रवीर्य की भार्याएँ हुईं। कुछ काल के बाद राजा विचित्रवीर्य राजयक्ष्मा से ग्रस्त हो स्वर्गवासी हो गये। तब सत्यवती की अनुमति से व्यासजी के द्वारा नियोग द्वारा अम्बिका के गर्भ से राजा धृतराष्ट्र और अम्बालिका के गर्भ से पाण्डु उत्पन्न हुए। गान्धारी के गर्भ से धृतराष्ट्र को सौ पुत्रों की प्राप्ति हुई, जिनमें दुर्योधन सबसे बड़ा था और पाण्डु के युधिष्टर,भीम,अर्जुन,नकुल,सहदेव आदि पांच पुत्र हुए।

पाण्डु का राज्य अभिषेक

धृतराष्ट्र जन्म से ही अन्धे थे अतः उनकी जगह पर पाण्डु को राजा बनाया गया, इससे धृतराष्ट्र को सदा अपनी नेत्रहीनता पर क्रोध आता और पाण्डु से द्वेषभावना होने लगती। पाण्डु ने सम्पूर्ण भारतवर्ष को जीतकर कुरु राज्य की सीमाओ का यवनो के देश तक विस्तार कर दिया। एक बार राजा पाण्डु अपनी दोनों पत्नियों - कुन्ती तथा माद्री - के साथ आखेट के लिये वन में गये। वहाँ उन्हें एक मृग का मैथुनरत जोड़ा दृष्टिगत हुआ। पाण्डु ने तत्काल अपने बाण से उस मृग को घायल कर दिया। मरते हुये मृगरुपधारी निर्दोष ऋषि ने पाण्डु को शाप दिया, "राजन! तुम्हारे समान क्रूर पुरुष इस संसार में कोई भी नहीं होगा। तूने मुझे मैथुन के समय बाण मारा है अतः जब कभी भी तू मैथुनरत होगा तेरी मृत्यु हो जायेगी।"

इस शाप से पाण्डु अत्यन्त दुःखी हुये और अपनी रानियों से बोले, "हे देवियों! अब मैं अपनी समस्त वासनाओं का त्याग कर के इस वन में ही रहूँगा तुम लोग हस्तिनापुर लौट जाओ!" उनके वचनों को सुन कर दोनों रानियों ने दुःखी होकर कहा, "नाथ! हम आपके बिना एक क्षण भी जीवित नहीं रह सकतीं। आप हमें भी वन में अपने साथ रखने की कृपा कीजिये।" पाण्डु ने उनके अनुरोध को स्वीकार कर के उन्हें वन में अपने साथ रहने की अनुमति दे दी। इसी दौरान राजा पाण्डु ने अमावस्या के दिन ऋषि-मुनियों को ब्रह्मा जी के दर्शनों के लिये जाते हुये देखा। उन्होंने उन ऋषि-मुनियों से स्वयं को साथ ले जाने का आग्रह किया। उनके इस आग्रह पर ऋषि-मुनियों ने कहा, "राजन्! कोई भी निःसन्तान पुरुष ब्रह्मलोक जाने का अधिकारी नहीं हो सकता अतः हम आपको अपने साथ ले जाने में असमर्थ हैं।"ऋषि-मुनियों की बात सुन कर पाण्डु अपनी पत्नी से बोले, "हे कुन्ती! मेरा जन्म लेना ही वृथा हो रहा है क्योंकि सन्तानहीन व्यक्ति पितृ-ऋण, ऋषि-ऋण, देव-ऋण तथा मनुष्य-ऋण से मुक्ति नहीं पा सकता क्या तुम पुत्र प्राप्ति के लिये मेरी सहायता कर सकती हो?" कुन्ती बोली, "हे आर्यपुत्र! दुर्वासा ऋषि ने मुझे ऐसा मन्त्र प्रदान किया है जिससे मैं किसी भी देवता का आह्वान करके मनोवांछित वस्तु प्राप्त कर सकती हूँ। आप आज्ञा करें मैं किस देवता को बुलाऊँ।" इस पर पाण्डु ने धर्म को आमन्त्रित करने का आदेश दिया। धर्म ने कुन्ती को पुत्र प्रदान किया जिसका नाम युधिष्ठिर रखा गया। कालान्तर में पाण्डु ने कुन्ती को पुनः दो बार वायुदेव तथा इन्द्रदेव को आमन्त्रित करने की आज्ञा दी। वायुदेव से भीम तथा इन्द्र से अर्जुन की उत्पत्ति हुई। तत्पश्चात् पाण्डु की आज्ञा से कुन्ती ने माद्री को उस मन्त्र की दीक्षा दी। माद्री ने अश्वनीकुमारों को आमन्त्रित किया और नकुल तथा सहदेव का जन्म हुआ। एक दिन राजा पाण्डु माद्री के साथ वन में सरिता के तट पर भ्रमण कर रहे थे। वातावरण अत्यन्त रमणीक था और शीतल-मन्द-सुगन्धित वायु चल रही थी। सहसा वायु के झोंके से माद्री का वस्त्र उड़ गया। इससे पाण्डु का मन चंचल हो उठा और वे मैथुन में प्रवृत हुये ही थे कि शापवश उनकी मृत्यु हो गई। माद्री उनके साथ सती हो गई किन्तु पुत्रों के पालन-पोषण के लिये कुन्ती हस्तिनापुर लौट आई। वहाँ रहने वाले ऋषि मुनि पाण्ड्वो को राजमहल छोड़ कर आ गये, ऋषि मुनि तथा कुन्ती के कहने पर सभी ने पाण्ड्वो को पाण्डु का पुत्र मान लिया और उनका स्वागत किया।

कर्ण का जन्म, लाक्षाग्रह षड्यंत्र तथा द्रौपदी स्वयंवर

जब कुन्ती का विवाह नहीं हुआ था, उसी समय (सूर्य के अंश से) उनके गर्भ से कर्ण का जन्म हुआ था। परन्तु लोक लाज के भय से कुन्ती ने कर्ण को एक बक्से में बन्द करके गंगा नदी में बहाया।अ कर्ण गंगाजी में बहता हुआ जा रहा था कि महाराज धृतराष्ट्र के सारथी अधिरथ और उनकी पत्नी राधा ने उसे देखा और उसे गोद ले लिया और उसका लालन पालन करने लगे। कुमार अवास्था से ही कर्ण की रुचि अपने पिता अधिरथ के समान रथ चलाने कि बजाए युद्धकला में अधिक थी। कर्ण और उसके पिता अधिरथ आचार्य द्रोण से मिले जो कि उस समय युद्धकला के सर्वश्रेष्ठ आचार्यों में से एक थे। द्रोणाचार्य उस समय कुरु राजकुमारों को शिक्षा दिया करते थे। उन्होने कर्ण को शिक्षा देने से मना कर दिया क्योंकि कर्ण एक सारथी पुत्र था और द्रोण केवल क्षत्रियों को ही शिक्षा दिया करते थे। द्रोणाचार्य की असम्मति के उपरान्त कर्ण ने परशुराम से सम्पर्क किया जो कि केवल ब्राह्मणों को ही शिक्षा दिया करते थे। कर्ण ने स्वयं को ब्राह्मण बताकर परशुराम से शिक्षा का आग्रह किया। परशुराम ने कर्ण का आग्रह स्वीकार किया और कर्ण को अपने समान ही युद्धकला और धनुर्विद्या में निष्णात किया। इस प्रकार कर्ण परशुराम का एक अत्यंत परिश्रमी और निपुण शिष्य बना। कर्ण दुर्योधन के आश्रय में रहता था। दैवयोग तथा शकुनि के छल कपट से कौरवों और पाण्डवों में वैर की आग प्रज्वलित हो उठी। दुर्योधन बड़ी खोटी बुद्धि का मनुष्य था। उसने शकुनि के कहने पर पाण्ड्वो को बचपन में कई बार मारने का प्रयत्न किया। युवावस्था में आकर जब गुणो में उससे अधिक श्रेष्ठ युधिष्ठर को युवराज बना दिया गया तो शकुनि ने लाक्ष के बने हुए भवन में पाण्डवों को रखकर आग लगाकर उन्हें जलाने का प्रयत्न किया किन्तु विदुर की सहायता से पाँचों पाण्डव अपनी माता के साथ उस जलते हुए घर से बाहर निकल गये। वहाँ से एकचक्रा नगरी में जाकर वे मुनि के वेष में एक ब्राह्मण के घर में निवास करने लगे। फिर बक नामक राक्षस का वध करके व्यास जी के कहने पर वे पांचाल-राज्य में, जहाँ द्रौपदी का स्वयंवर होनेवाला था, गए।पांचाल-राज्य में अर्जुन के लक्ष्य-भेदन के कौशल से मत्स्यभेद होने पर पाँचों पाण्डवों ने द्रौपदी को पत्नीरूप में प्राप्त किया।

इन्द्रप्रस्थ की स्थापना

द्रौपदी स्वयंवर के पहले विदुर को छोड़ कर सभी पाण्ड्वो को मृत समझने लगे और इस कारण धृतराष्ट्र ने इस कारण शकुनि के कहने पर दुर्योधन को युवराज बना दिया। द्रौपदी स्वयंवर के तत्पश्चात दुर्योधन आदि को पाण्ड्वो के जीवित होने का पता चला। पाण्ड्वो ने कौरवों से अपना राज्य मांगा परन्तु गृहयुद्ध के संकट से बचने के लिए युधिष्ठर ने कौरवों द्वारा दिए खण्डहर स्वरुप खाण्डव वन आधे राज्य के रूप में प्राप्त किया। पाण्डुकुमार अर्जुन ने श्रीकृष्ण के साथ खाण्डव वन खाण्डव वन को जला दिया और इन्द्र के द्वारा की हुई वृष्टि का अपने बाणों के (छत्राकार) बाँध से निवारण करते हुए अग्नि को तृप्त किया। वहाँ अर्जुन और कृष्ण जी ने समस्त देवताओ को युद्ध में परास्त कर दिया। इसके फलस्वरुप अर्जुन ने अग्निदेव से दिव्य गाण्डीव धनुष और उत्तम रथ प्राप्त किया और कृष्ण जी ने सुदर्शन चक्र प्राप्त किया था। उन्हें युद्ध में भगवान कृष्ण-जैसे सारथि मिले थे तथा उन्होंने आचार्य द्रोण से ब्रह्मास्त्र आदि दिव्य आयुध और कभी नष्ट न होने वाले बाण प्राप्त किये थे। इन्द्र अपने पुत्र अर्जुन की वीरता देखकर अतिप्रसन्न हुए। इन्द्र के कहने पर देव शिल्पि विश्वकर्मा और मय दानव ने मिलकर खाण्डव वन को इन्द्रपुरी जितने भव्य नगर में निर्मित कर दिया, जिसे इन्द्रप्रस्थ नाम दिया गया।

पाण्डवों की विश्व विजय और उनका वनवास

सभी पाण्डव सब प्रकार की विद्याओं में प्रवीण थे। पाण्डवों ने सम्पूर्ण दिशाओं पर विजय पाई और युधिष्ठिर राज्य करने लगे। उन्होंने प्रचुर सुवर्णराशि से परिपूर्ण राजसूय यज्ञ का अनुष्ठान किया। उनका यह वैभव दुर्योधन के लिये असह्य हो उठा। उसने अपने भाई दु:शासन और वैभव प्राप्त सुहृद् कर्ण के कहने से शकुनि को साथ ले, द्यूत-सभा में जूए में प्रवृत्त होकर, युधिष्ठिर को उसके भाइयो, द्रौपदी और उनके राज्य को कपट-द्यूत के द्वारा हँसते-हँसते जीत लिया। दुर्योधन ने कुरु राज्य सभा में द्रौपदी का बहुत अपमान किया, उसे निर्वस्त्र करने क प्रयास किया। श्रीकृष्ण ने उनकी लाज बाचाई तत्पश्चात द्रौपदी सभी लोगो को श्राप देने ही वाली थी परन्तु गांधारी ने आकर ऐसा होने से रोक दिया। साथ ही में जूए में परास्त होकर युधिष्ठिर अपने भाइयों के साथ वन में चले गये। वहाँ उन्होंने अपनी प्रतिज्ञा के अनुसार बारह वर्ष व्यतीत किये। वे वन में भी पहले ही की भाँति प्रतिदिन बहुसंख्यक ब्राह्मणों को भोजन कराते थे। (एक दिन उन्होंने) अठासी हजार द्विजोंसहित दुर्वासा को (श्रीकृष्ण-कृपा से) परितृप्त किया। वहाँ उनके साथ उनकी पत्नी द्रौपदी और पुरोहित धौम्यजी भी थे।

बारहवाँ वर्ष बीतने पर वे विराट नगर में गये। वहाँ युधिष्ठिर सबसे अपरिचित रहकर 'कंक' नामक ब्राह्मण के रूप में रहने लगे। भीमसेन रसोइया बने थे। अर्जुन ने अपना नाम 'बृहन्नला' रखा था। पाण्डव पत्नी द्रौपदी रनिवास में सैरन्ध्री के रूप में रहने लगी। इसी प्रकार नकुल-सहदेव ने भी अपने नाम बदल लिये थे। भीमसेन ने रात्रिकाल में द्रौपदी का सतीत्व-हरण करने की इच्छा रखने वाले कीचक को मार डाला। तत्पश्चात कौरव विराट की गौओं को हरकर ले जाने लगे, तब उन्हें अर्जुन ने परास्त किया। उस समय कौरवों ने पाण्डवों को पहचान लिया। श्रीकृष्ण की बहन सुभद्रा ने अर्जुन से अभिमन्यु नामक पुत्र को उत्पन्न किया था उसे राजा विराट ने अपनी कन्या उत्तरा ब्याह दी।

शांति दूत श्रीकृष्ण, युद्ध की शुरुवात तथा श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को उपदेश

धर्मराज युधिष्ठिर सात अक्षौहिणी सेना के स्वामी होकर कौरवों के साथ युद्ध करने को तैयार हुए। पहले भगवान श्रीकृष्ण परम क्रोधी दुर्योधन के पास दूत बनकर गये। उन्होंने ग्यारह अक्षौहिणी सेना के स्वामी राजा दुर्योधन से कहा-

'राजन्! तुम युधिष्ठिर को आधा राज्य दे दो या उन्हें पाँच ही गाँव अर्पित कर दो; नहीं तो उनके साथ युद्ध करो।'

श्रीकृष्ण की बात सुनकर दुर्योधन ने कहा- 'मैं उन्हें सुई की नोक के बराबर भूमि भी नहीं दूँगा; हाँ, उनसे युद्ध अवश्य करूँगा।'

ऐसा कहकर वह भगवान श्रीकृष्ण को बंदी बनाने के लिये उद्यत हो गया। उस समय राजसभा में भगवान श्रीकृष्ण ने अपने परम दुर्धर्ष विश्वरूप का दर्शन कराकर दुर्योधन को भयभीत कर दिया। फिर विदुर ने अपने घर ले जाकर भगवान का पूजन और सत्कार किया।

तदनन्तर वे युधिष्ठिर के पास लौट गये और बोले-'महाराज! आप दुर्योधन के साथ युद्ध कीजिये'

युधिष्ठिर और दुर्योधन की सेनाएँ कुरुक्षेत्र के मैदान में जा डटीं। अपने विपक्ष में पितामह भीष्म तथा आचार्य द्रोण आदि गुरुजनों को देखकर अर्जुन युद्ध से विरत हो गये, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनसे कहा-"पार्थ! भीष्म आदि गुरुजन शोक के योग्य नहीं हैं। मनुष्य का शरीर विनाशशील है, किंतु आत्मा का कभी नाश नहीं होता। यह आत्मा ही परब्रह्म है।

'मैं ब्रह्म हूँ'- इस प्रकार तुम उस आत्मा को समझो। कार्य की सिद्धि और असिद्धि में समानभाव से रहकर कर्मयोग का आश्रय ले क्षात्रधर्म का पालन करो।"

श्रीकृष्ण के ऐसा कहने पर अर्जुन रथारूढ़ हो युद्ध में प्रवृत्त हुए। उन्होंने शंखध्वनि की। दुर्योधन की सेना में सबसे पहले पितामह भीष्म सेनापति हुए। पाण्डवों के सेनापति शिखण्डी थे। इन दोनों में भारी युद्ध छिड़ गया। भीष्मसहित कौरव पक्ष के योद्धा उस युद्ध में पाण्डव-पक्ष के सैनिकों पर प्रहार करने लगे और शिखण्डी आदि पाण्डव- पक्ष के वीर कौरव-सैनिकों को अपने बाणों का निशाना बनाने लगे।

कौरव और पाण्डव-सेना का वह युद्ध, देवासुर-संग्राम के समान जान पड़ता था। आकाश में खड़े होकर देखने वाले देवताओं को वह युद्ध बड़ा आनन्ददायक प्रतीत हो रहा था। भीष्म ने दस दिनों तक युद्ध करके पाण्डवों की अधिकांश सेना को अपने बाणों से मार गिराया।

भीष्म द्रोण वध

दसवें दिन अर्जुन ने वीरवर भीष्म पर बाणों की बड़ी भारी वृष्टि की। इधर द्रुपद की प्रेरणा से शिखण्डी ने भी पानी बरसाने वाले मेघ की भाँति भीष्म पर बाणों की झड़ी लगा दी। दोनों ओर के हाथीसवार, घुड़सवार, रथी और पैदल एक-दूसरे के बाणों से मारे गये। भीष्म की मृत्यु उनकी इच्छा के अधीन थी। जब पांडवों को ये समझ में आ गया की भीष्म के रहते वो इस युद्ध को नहीं जीत सकते तो श्रीकृष्ण के सुझाव पर उन्होंने भीष्म पितामह से ही उनकी मृत्यु का उपाय पूछा. उन्होंने कहा कि जब तक मेरे हाथ में शस्त्र है तब तक महादेव के अतिरिक्त मुझे कोई नहीं हरा सकता. उन्होंने ने ही पांडवों को सुझाव दिया। शिखंडी पूर्व जन्म में अम्बा थी इसलिए

वो उसे कन्या ही मानते थे। १०वे दिन के युद्ध में अर्जुन ने शिखंडी को आगे अपने रथ पर बिठाया. शिखंडी को आगे देख कर भीष्म ने अपना धनुष त्याग दिया। उनके शस्त्र त्यागने के बाद अर्जुन ने उन्हें बाणो कि शय्या पर सुला दिया। वे उत्तरायण की प्रतीक्षा में भगवान विष्णु का ध्यान और स्तवन करते हुए समय व्यतीत करने लगे। भीष्म के बाण-शय्या पर गिर जाने के बाद जब दुर्योधन शोक से व्याकुल हो उठा, तब आचार्य द्रोण ने सेनापतित्व का भार ग्रहण किया। उधर हर्ष मनाती हुई पाण्डवों की सेना में धृष्टद्युम्न सेनापति हुए। उन दोनों में बड़ा भयंकर युद्ध हुआ, जो यमलोक की आबादी को बढ़ाने वाला था। विराट और द्रुपद आदि राजा द्रोणरूपी समुद्र में डूब गये। उस समय द्रोण काल के समान जान पड़ते थे। इतने ही में उनके कानों में यह आवाज आयी कि 'अश्वत्थामा मारा गया'। इतना सुनते ही आचार्य द्रोण ने अस्त्र शस्त्र त्याग दिये। ऐसे समय में धृष्टद्युम्न के बाणों से आहत होकर वे पृथ्वी पर गिर पड़े

कर्ण और शल्य वध

द्रोण बड़े ही दुर्धर्ष थे। वे संपूर्ण क्षत्रियों का विनाश करके पाँचवें दिन मारे गए। दुर्योधन पुन: शोक से आतुर हो उठा। उस समय कर्ण उसकी सेना का कर्णधार हुआ। पांडव-सेना का आधिपत्य अर्जुन को मिला। कर्ण और अर्जुन में भाँति-भाँति के अस्त्र-शस्त्रों की मार-काट से युक्त महाभयानक युद्ध हुआ, जो देवासुर-संग्राम को बुरी तरह से मात करने वाला था। कर्ण और अर्जुन के संग्राम में कर्ण ने अपने बाणों से शत्रु-पक्ष के बहुत-से वीरों का संहार कर डाला; यद्यपि युद्ध गतिरोधपूर्ण हो रहा था, लेकिन कर्ण तब उलझ गया जब उसके रथ का एक पहिया धरती में धँस गया (धरती माता के श्राप के कारण)। वह अपने को मिले दैवी अस्त्रों के प्रयोग में भी असमर्थ हो जाता है, जैसा की उसके गुरु परशुराम का श्राप था। तब कर्ण अपने रथ के पहिए को निकालने के लिए नीचे उतरता है और अर्जुन से निवेदन करता है कि वह युद्ध के नियमों का पालन करते हुए कुछ देर के लिए उसपर बाण चलाना बंद कर दे। तब श्रीकृष्ण, अर्जुन से कहते हैं कि कर्ण को कोई अधिकार नहीं है कि वह अब युद्ध नियमों और धर्म की बात करे, जबकि स्वयं उसने भी अभिमन्यु वध के समय किसी भी युद्ध नियम और धर्म का पालन नहीं किया था। उन्होंने आगे कहा कि तब उसका धर्म कहाँ गया था जब उसने दिव्य-जन्मा द्रौपदी को पूरी कुरु राजसभा के समक्ष वैश्या कहा था। द्यूत-क्रीड़ा भवन में उसका धर्म कहाँ गया था। इसलिए अब उसे कोई अधिकार नहीं की वह किसी धर्म या युद्ध नियम की बात करे और उन्होंने अर्जुन से कहा कि अभी कर्ण असहाय है (ब्राह्मण का श्राप फलीभूत हुआ) इसलिए वह उसका वध करे। श्रीकृष्ण कहते हैं कि यदि अर्जुन ने इस निर्णायक मोड़ पर अभी कर्ण को नहीं मारा तो संभवतः पांडव उसे कभी भी नहीं मार सकेंगे और यह युद्ध कभी भी नहीं जीता जा सकेगा। तब, अर्जुन ने एक दैवीय अस्त्र का उपयोग करते हुए कर्ण का सिर धड़ से अलग कर दिया। कर्ण के शरीर के भूमि पर गिरने के बाद एक ज्योति कर्ण के शरीर से निकली और सूर्य में समाहित हो गई।। तदनन्तर राजा शल्य कौरव-सेना के सेनापति हुए, किंतु वे युद्ध में आधे दिन तक ही टिक सके। दोपहर होते-होते राजा युधिष्ठिर ने उन्हें मार दिया।

दुर्योधन वध और महाभारत युद्ध की समाप्ति

गिराया। दुर्योधन की प्राय: सारी सेना युद्ध में मारी गयी थी। अन्ततोगत्वा उसका भीमसेन के साथ युद्ध हुआ। उसने पाण्डव-पक्ष के पैदल आदि बहुत-से सैनिकों का वध करके भीमसेन पर धावा किया। उस समय गदा से प्रहार करते हुए दुर्योधन के अन्य छोटे भाई भी भीमसेन के ही हाथ से मारे गये थे। महाभारत-संग्राम के उस अठारहवें दिन रात्रिकाल में महाबली अश्वत्थामा ने पाण्डवों की सोयी हुई एक अक्षौहिणी सेना को सदा के लिये सुला दिया। उसने द्रौपदी के पाँचों पुत्रों, उसके पांचालदेशीय बन्धुओं तथा धृष्टद्युम्न को भी जीवित नहीं छोड़ा। द्रौपदी पुत्रहीन होकर रोने-बिलखने लगी। तब अर्जुन ने सींक के अस्त्र से अश्वत्थामा को परास्त करके उसके मस्तक की मणि निकाल ली। (उसे मारा जाता देख द्रौपदी ने ही अनुनय-विनय करके उसके प्राण बचाये)। अश्वत्थामा इतने पर भी दुष्ट अश्वत्थामा ने उत्तरा के गर्भ को नष्ट करने के लिये उस पर अस्त्र का प्रयोग किया। वह गर्भ उसके अस्त्र से प्राय: दग्ध हो गया था; किंतु भगवान श्रीकृष्ण ने उसको पुन: जीवन-दान दिया। उत्तरा का वही गर्भस्थ शिशु आगे चलकर राजा परीक्षित् के नाम से विख्यात हुआ। कृतवर्मा, कृपाचार्य तथा अश्वत्थामा- ये तीन कौरवपक्षीय वीर उस संग्राम से जीवित बचे। दूसरी ओर पाँच पाण्डव, सात्यकि तथा भगवान श्रीकृष्ण-ये सात ही जीवित रह सके; दूसरे कोई नहीं बचे। उस समय सब ओर अनाथा स्त्रियों का आर्तनाद व्याप्त हो रहा था। भीमसेन आदि भाइयों के साथ जाकर युधिष्ठिर ने उन्हें सान्त्वना दी तथा रणभूमि में मारे गए सभी वीरों का दाह-संस्कार करके उनके लिये जलांजलि दे धन आदि का दान किया। तत्पश्चात कुरुक्षेत्र में शरशय्या पर आसीन शांतनुनंदन भीष्म के पास जाकर युधिष्ठिर ने उनसे समस्त शान्तिदायक धर्म, राजधर्म (आपद्धर्म), मोक्ष धर्म तथा दानधर्म की बातें सुनीं। फिर वे राजसिंहासन परड आसीन हुए। इसके बाद उन शत्रुमर्दन राजा ने अश्वमेध यज्ञ करके उसमें ब्राह्मणों को बहुत धन दान किया। तदनन्तर द्वारका से लौटे हुए अर्जुन के मुख से मूसलकाण्ड के कारण प्राप्त हुए शाप से पारस्परिक युद्ध। द्वारा यादवों के संहार का समाचार सुनकर युधिष्ठिर ने परीक्षित् को राजासन पर बिठाया और स्वयं भाइयों के साथ महाप्रस्थान कर स्वर्गलोक को सिधार हुए।

यदुकुल का संहार और पांडवों का स्वर्गगमन

जब युधिष्ठिर राजसिंहासन पर विराजमान हो गए, तब धृतराष्ट्र गृहस्थ-आश्रम से वानप्रस्थ-आश्रम में प्रविष्ट हो वन में चले गए। अथवा ऋषियों के एक आश्रम से दूसरे आश्रमों में होते हुए वे वन को गए। उनके साथ देवी गांधारी और पृथा (कुंती) भी थीं। विदुर जी दावानल से दग्ध हो स्वर्ग सिधारे। इस प्रकार भगवान विष्णु ने पृथ्वी का भार उतारा और धर्म की स्थापना तथा अधर्म का नाश करने

के लिए पांडवों को निमित्त बनाकर दानव-दैत्य आदि का संहार किया। तत्पश्चात भूमिका भार बढ़ाने वाले यादवकुल का भी ब्राह्मणों के शाप के बहाने मूसल के द्वारा संहार कर डाला। अनिरूद्ध के पुत्र वज्र को राजा के पद पर अभिषिक्त किया। तदनन्तर देवताओं के अनुरोध से प्रभासक्षेत्र में श्रीहरि स्वयं ही स्थूल शरीर की लीला का संवरण करके अपने धाम को पधारे वे इंद्रलोक और ब्रह्मलोक में स्वर्गवासी देवताओं द्वारा पूजित होते हैं। बलराम जी शेषनाग के स्वरूप थे, अत: उन्होंने पातालरूपी स्वर्ग का आश्रय लिया। अविनाशी भगवान श्रीहरि ध्यानी पुरुषों के ध्येय हैं। उनके अंतर्धान हो जाने पर समुद्र ने उनके निजी निवासस्थान छोड़ शेष द्वारकापुरी को अपने जल में डुबा दिया। अर्जुन ने मरे हुए यादवों का दाह-संस्कार करके उनके लिये जलांजलि दी और धन आदि का दान किया। भगवान श्रीकृष्ण की रानियों को, जो पहले अप्सराएँ थीं और अष्टावक्र के शाप से मानवीरूप में प्रकट हुई थीं, लेकर हस्तिनापुर को चले। मार्ग में डंडे लिये हुए भीलो ने अर्जुन का तिरस्कार करके उन सबको छीन लिया। यह भी अष्टावक्र के शाप से ही संभव हुआ था। इससे अर्जुन के मन में बड़ा शोक हुआ। फिर महर्षि व्यास के सांत्वना न देने पर उन्हें यह निश्चय हुआ कि 'भगवान् श्रीकृष्ण के समीप रहने से ही मुझमें बल था।' हस्तिनापुर में आकर उन्होंने भाइयों सहित राजा युधिष्ठिर से, जो उस समय प्रजावर्ग का पालन करते थे, यह सब समाचार निवेदन किया। वे बोले-

'भैया! वही धनुष है, वे ही बाण हैं, वही रथ है और वे ही घोड़े हैं, किंतु भगवान श्रीकृष्ण के बिना सब कुछ उसी प्रकार नष्ट हो गया, जैसे अश्रोत्रिय को दिया हुआ दान।' यह सुनकर धर्मराज युधिष्ठिर ने राज्य पर परीक्षित् को स्थापित कर दिया

इसके बाद बुद्धिमान् राजा संसार की अनित्यता का विचार करके द्रौपदी तथा भाइयों को साथ ले हिमालय की तरफ महाप्रस्थान के पथ पर अग्रसर हुए। उस महापथ में क्रमश: द्रौपदी, सहदेव, नकुल, अर्जुन और भीमसेन एक-एक करके गिर पड़े। इससे राजा शोकमग्न हो गये। तदनन्तर वे इन्द्र के द्वारा लाये हुए रथ पर आरूढ़ हो (दिव्य रूप धारी) भाइयों सहित स्वर्ग को चले गये। वहाँ उन्होंने दुर्योधन आदि सभी धृतराष्ट्रपुत्रों को देखा। तदनन्तर उन पर कृपा करने के लिये अपने धाम से पधारे हुए भगवान वासुदेव का भी दर्शन किया। इससे उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई।

विचार-विमर्श

महाभारत के रचनाकाल के सम्बन्ध में विद्वान एकमत नहीं हैं। विभिन्न विद्वानों द्वारा इसके अनुमानित रचनाकाल में कई हजार वर्षों का अन्तर है।

वेदव्यास जी को महाभारत को पूरा रचने में ३ वर्ष लग गये थे, इसका कारण यह हो सकता है कि उस समय लेखन कला (लिपि) का इतना विकास नही हुआ था।

पुराण और इतिहास के सबसे शुरुआती सन्दर्भ 2,800 साल पहले शतपथ ब्राह्मण में पाए जाते हैं - हालाँकि, हम उस वक्त कहानियों को नहीं जानते थे। उनमें राम और कृष्ण की कहानी शामिल हो सकती है, लेकिन हम निश्चित नहीं हो सकते हैं। सदियों से मौखिक संचरण के बाद 2,000 साल पहले, इन कहानियों को संस्कृत महाकाव्य रामायण और महाभारत के रूप में परिष्कृत थे।[1]यह सर्वमान्य है कि महाभारत का आधुनिक रूप कई अवस्थाओ से गुजर कर बना है, इसकी रचना की चार प्रारम्भिक अवस्थाएँ पहचानी गई हैं।-

अवस्थाएँ

- ये अवस्थाएँ निम्न लिखित हैं:
  - सर्वप्रथम् वेदव्यास द्वारा रचित एक लाख श्लोकों और १०० पर्वो का "जय" महाकाव्य, जो बाद मे महाभारत के रूप मे प्रसिद्ध हुआ।[2] सम्भावित रचना काल-(10०० इसवी ईसा पूर्व)[3]
  - दूसरी बार व्यास जी के कहने पर उनके शिष्य वैशम्पायन जी द्वारा पुनः इसी "जय" महाकाव्य को जनमेजय के यज्ञ समारोह में ऋषि मुनियो को सुनाया तब यह वार्ता "भारत" के रूप मे जानी गई।[2] सम्भावित रचना काल-(३००० इसवी ईसा पूर्व)
-
  - तीसरी बार फिर से वैशम्पायन और ऋषि मुनियो की इस वार्ता के रूप मे कही गई "महाभारत" को सुत जी द्वारा पुनः १८ पर्वो के रूप में सुव्यवस्थित करके समस्त ऋषि मुनियो को सुनाना।[2][4] सम्भावित रचना काल-(२००० इसवी ईसा पूर्व)
  - सुत जी और ऋषि मुनियो की इस वार्ता के रूप मे कही गयी "महाभारत" का लेखन कला के विकसित होने पर सर्वप्रथम् ब्राह्मी या संस्कृत मे हस्तलिखित पाण्डुलिपियो के रूप मे लिपी बद्ध किया जाना| सम्भावित रचना काल-(१२००-६०० इसवी ईसा पूर्व)

- इसके बाद भी कई विद्वानो द्वारा इसमे बदलती हुई रीतियो के अनुसार फेर बदल किया गया, जिसके कारण उपलब्ध प्राचीन हस्तलिखित पाण्डुलिपियो मे कई भिन्न भिन्न श्लोक मिलते है, इस समस्या से निजात पाने के लाए पुणे मे स्थित भांडारकर प्राच्य शोध संस्थान ने पूरे दक्षिण एशिया में उपलब्ध महाभारत की सभी पाण्डुलिपियो (लगभग १०,०००) का शोध और अनुसंधान करके उन सभी मे एक ही समान पाए जाने वाले लगभग ७५,००० श्लोको को खोज निकाला और उनका सटिप्पण एवं समीक्षात्मक संस्करण प्रकाशित किया, कई खण्डों वाले १३,००० पृष्ठों के इस ग्रंथ का सारे संसार के सुयोग्य विद्वानों ने स्वागत किया।

- यूनान के पहली शताब्दी के राजदूत डियो क्रायसोसटम (*Dio Chrysostom*) यह बताते है की दक्षिण-भारतीयों के पास एक लाख श्लोको का एक ग्रन्थ है[5], जिससे यह पता चलता है कि महाभारत पहली शताब्दी में भी एक लाख श्लोको का था। महाभारत की कहानी को मुख्य यूनानी ग्रन्थो इलियड और ओडिसी में बार-बार अन्य रूप से दोहराया गया, जैसे धृतराष्ट्र का पुत्र मोह, कर्ण-अर्जुन प्रतिसपर्धा आदि।[6]

- महाराजा शरवन्थ के ५वीं शताब्दी के तांबे की स्लेट पर पाये गए अभिलेख में महाभारत को एक लाख श्लोको का ग्रन्थ बताया गया है, संस्कृत की सबसे पुरानी पहली शताब्दी की एमएस स्पित्ज़र पाण्डुलिपि में भी महाभारत के १८ पर्वो की अनुक्रमणिका दी गयी है[7], जिससे यह पता चलता है कि इस काल तक महाभारत १८ पर्वों के रूप मे प्रसिद्ध थी, हालाँकि १०० पर्वो की अनुक्रमणिका बहुत प्राचीन काल में प्रसिद्ध रही होगी, क्योंकि वेदव्यास जी ने महाभारत की रचना सर्वप्रथम १०० पर्वों मे की थी, जिसे बाद मे सुत जी ने १८ पर्वो के रूप मे व्यवस्थित कर दिया।[8]

- पाणिनि(७००-५०० ईसा पूर्व) द्वारा रचित अष्टाध्यायी महभारत और भारत दोनो को जानती है। अतएव यह निश्चित है कि महाभारत और भारत पाणिनि के काल के बहुत पहले से ही अस्तित्व मे है।[9]

- महाभारत मे गुप्त और मौर्य राजाओं तथा जैन(१०००-७०० ईसा पूर्व) और बौद्ध धर्म(७००-२०० ईसा पूर्व) का भी वर्णन नहीं आता। साथ ही छान्दोग्य उपनिषद (१००० ईसा पूर्व) मे भी महाभारत के पात्रो को वर्णन मिलता है। अतएव यह निश्चित तौर पर १००० ईसा पूर्व से पहले रची गयी होगी।[9]

महाभारत कालीन सरस्वती नदी

- महाभारत में प्राचीन वैदिक सरस्वती नदी का कई बार वर्णन आता है, बलराम जी द्वारा इसके तट के समान्तर प्लश पेड़ (यमुनोत्री के पास) से प्रभास क्षेत्र (वर्तमान रन ऑफ़ कच्छ) तक तीर्थयात्रा का वर्णन भी महाभारत में आता है, कई भू-विज्ञानी मानते हैं की वर्तमान सूखी हुई घग्गर-हकरा नदी ही प्राचीन वैदिक सरस्वती नदी थी, जो ५०००-३००० इसवी ईसा पूर्व बहती थी और लग्भग १९०० इसवी ईसा पूर्व में भूगर्भी परिवर्तनों के कारण सूख गयी थी, ऋग्वेद में वर्णित प्राचीन वैदिक काल में सरस्वती नदी को नदीतमा की उपाधि दी गई थी। उनकी सभ्यता में सरस्वती ही सबसे बड़ी और मुख्य नदी थी, गंगा नहीं।
  - भूगर्भी परिवर्तनों के कारण सरस्वती नदी का पानी गंगा मे चला गया और कई विद्वान मानते है कि इसी कारण गंगा के पानी की महिमा हुई।[10] इस घटना को बाद के वेदिक साहित्यो मे वर्णित हस्तिनापुर के गंगा द्वारा बहाकर ले जाने से भी जोड़ा जाता है क्योंकि पुराणो मे आता है कि परीक्षित की २८ पीढियो के बाद गंगा से बाढ़ आ जाने के कारण

सम्पूर्ण हस्तिनापुर पानी मे बह जाता है और बाद की पीढिया कौसाम्बी को अपनी राजधानी बनाती हैं। महाभारत मे सरस्वती नदी के विनाश्न नामक तीर्थ पर सूखने का सन्दर्भ आता है जिसके अनुसार मलेच्छों से द्वेष होने के कारण सरस्वती नदी ने मलेच्छ (सिंध के पास के) प्रदेशों मे जाना बन्द कर दिया।

- इन सम्पूर्ण तथ्यो से यह माना जा सकता है की महाभारत ५०००-३००० इसवी ईसा पूर्व या निशिचत तौर पर १९०० इसवी ईसा पूर्व रची गयी होगी, जो महाभारत मे वर्णित ज्योतिषिय तिथियो से मेल खाती है। इस काव्य में बौद्ध धर्म का वर्णन नहीं है, अतः यह काव्य गौतम बुद्ध के काल से पहले अवश्य पूरा हो गया था।[11]

- अधिकतर अन्य भारतीय साहित्यों के समान ही यह महाकाव्य भी पहले वाचिक परंपरा द्वारा हम तक पीढी दर पीढी पहुँचा है। बाद में छपाई की कला के विकसित होने से पहले ही इसके बहुत से अन्य भौगोलिक संस्करण भी हो गए हैं जिनमें बहुत सी ऐसी घटनायें हैं जो मूल कथा में नहीं दिखती या फिर किसी अन्य रूप में दिखती है।

परिणाम

महाभारतम् , महाभारतम् , उच्चारण [meɦaːˈbʱaːrʈəm]) हिंदू धर्म में प्राचीन भारत के दो प्रमुख संस्कृत महाकाव्यों में से एक है , दूसरा रामायण है । [5] यह कुरुक्षेत्र युद्ध में चचेरे भाइयों के दो समूहों के बीच संघर्ष और कौरव और पांडव राजकुमारों और उनके उत्तराधिकारियों के भाग्य का वर्णन करता है।

इसमें दार्शनिक और भक्ति सामग्री भी शामिल है , जैसे कि चार "जीवन के लक्ष्य" या पुरुषार्थ (12.161) की चर्चा। महाभारत की प्रमुख कृतियों और कहानियों में भगवद गीता , दमयंती की कहानी , शकुंतला की कहानी , पुरुरवा और उर्वशी की कहानी, सावित्री और सत्यवान की कहानी , कच और देवयानी की कहानी , ऋष्यश्रृंग की कहानी और रामायण का एक संक्षिप्त संस्करण , जिसे अक्सर अपने आप में कृतियों के रूप में माना जाता है।

परंपरागत रूप से, महाभारत के रचयिता का श्रेय व्यास को दिया जाता है । इसके ऐतिहासिक विकास और संरचनागत परतों को उजागर करने के कई प्रयास हुए हैं। महाभारत का अधिकांश भाग संभवतः तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व और तीसरी शताब्दी ईस्वी के बीच संकलित किया गया था, जिसमें सबसे पुराने संरक्षित भाग लगभग 400 ईसा पूर्व से अधिक पुराने नहीं थे। [6] [7] यह पाठ संभवतः प्रारंभिक गुप्त काल (लगभग चौथी शताब्दी ईस्वी) तक अपने अंतिम रूप में पहुंच गया था। [8] [9]

महाभारत ज्ञात सबसे लंबा महाकाव्य है और इसे "अब तक लिखी गई सबसे लंबी कविता" के रूप में वर्णित किया गया है । [10] [11] इसके सबसे लंबे संस्करण में 100,000 से अधिक श्लोक या 200,000 से अधिक व्यक्तिगत पद्य पंक्तियाँ (प्रत्येक श्लोक एक दोहा है), और लंबे गद्य अंश शामिल हैं। कुल मिलाकर लगभग 1.8 मिलियन शब्दों में, महाभारत इलियड और ओडिसी की कुल लंबाई का लगभग दस गुना है , या रामायण की लंबाई का लगभग चार गुना है । [12] [13] डब्ल्यूजे जॉनसन ने विश्व सभ्यता के संदर्भ में महाभारत के महत्व की तुलना बाइबिल से की है ।कुरान , होमर की रचनाएँ , ग्रीक नाटक , या विलियम शेक्सपियर की रचनाएँ । [14] भारतीय परंपरा में इसे कभी-कभी पांचवां वेद भी कहा जाता है । [15]

पाठ्य इतिहास और संरचना

महाकाव्य का श्रेय परंपरागत रूप से ऋषि व्यास को दिया जाता है , जो महाकाव्य में एक प्रमुख पात्र भी हैं। व्यास ने इसे इतिहास (अनुवाद इतिहास) के रूप में वर्णित किया । उन्होंने गुरु-शिष्य परंपरा का भी वर्णन किया है , जो वैदिक काल के सभी महान शिक्षकों और उनके छात्रों का पता लगाता है।

महाभारत के पहले खंड में कहा गया है कि यह गणेश थे जिन्होंने व्यास के आदेश पर पाठ लिखा था, लेकिन विद्वानों द्वारा इसे महाकाव्य के बाद के प्रक्षेप के रूप में माना जाता है और "महत्वपूर्ण संस्करण" में गणेश बिल्कुल भी शामिल नहीं हैं। [16]

महाकाव्य कहानी को एक कहानी संरचना के भीतर नियोजित करता है, जिसे अन्यथा फ्रेमटेल्स के रूप में जाना जाता है , जो कई भारतीय धार्मिक और गैर-धार्मिक कार्यों में लोकप्रिय है। इसे सबसे पहले तक्षशिला में व्यास के शिष्य वैशम्पायन ऋषि ने राजा जनमेजय को सुनाया था, जो पांडव राजकुमार अर्जुन के परपोते थे ।यह कहानी कई वर्षों बाद, उग्रश्रवा सौती नामक एक पेशेवर कथाकार द्वारा, नैमिषा वन में राजा सौनक कुलपति के लिए 12 साल का बलिदान देने वाले ऋषियों के एक समूह को फिर से सुनाई जाती है ।

इस पाठ को 20वीं सदी के शुरुआती कुछ भारतविदों ने असंरचित और अराजक बताया था। हरमन ओल्डनबर्ग का मानना था कि मूल कविता में एक बार बहुत बड़ी "दुखद शक्ति" रही होगी, लेकिन उन्होंने पूरे पाठ को "भयानक अराजकता" के रूप में खारिज

कर दिया। [19] मोरित्ज़ विंटरनित्ज़ (गेस्चिचते डेर इंडिस्चेन लिटरेचर 1909) का मानना था कि "केवल अकाव्यात्मक धर्मशास्त्री और अनाड़ी शास्त्री" ही अलग-अलग मूल के हिस्सों को एक अव्यवस्थित संपूर्ण में जोड़ सकते थे। [20]

अभिवृद्धि और पुनर्निमाण

महाभारत पर शोध ने पाठ के भीतर परतों को पहचानने और डेटिंग करने में भारी प्रयास किया है। वर्तमान महाभारत के कुछ तत्वों का पता वैदिक काल से लगाया जा सकता है। [21] महाभारत की पृष्ठभूमि से पता चलता है कि महाकाव्य की उत्पत्ति "बहुत प्रारंभिक वैदिक काल के बाद " और " तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में पहले भारतीय 'साम्राज्य' के उदय से पहले हुई थी" यह "वह तारीख है जो बहुत दूर नहीं है" 8वीं या 9वीं शताब्दी ईसा पूर्व से हटा दिया गया" [7] [22] होने की संभावना है। महाभारत की शुरुआत सारथी भाटों की मौखिक रूप से प्रसारित कहानी के रूप में हुई थी । [23]यह आम तौर पर सहमत है कि " वेदों के विपरीत , जिन्हें अक्षर-परिपूर्ण संरक्षित किया जाना है, महाकाव्य एक लोकप्रिय कार्य था जिसके पाठक अनिवार्य रूप से भाषा और शैली में बदलाव के अनुरूप होंगे," [22] इसके सबसे शुरुआती 'जीवित' घटक ऐसा माना जाता है कि गतिशील पाठ महाकाव्य के शुरुआती 'बाहरी' संदर्भों से अधिक पुराना नहीं है, जिसमें पाणिनी की चौथी शताब्दी ईसा पूर्व व्याकरण अष्टाध्यायी 4:2:56 में एक संदर्भ शामिल है। [7] [22] महाभारत के पहले महान आलोचनात्मक संस्करण के संपादक विष्णु सुकथंकर ने टिप्पणी की: "एक आदर्श और एक स्टेमा कोडिकम के आधार पर एक तरल पाठ को मूल आकार में पुनर्निर्माण के बारे में सोचना बेकार है. तो फिर क्या संभव है? हमारा उद्देश्य केवल पाठ के सबसे पुराने रूप का पुनर्निर्माण करना हो सकता है, जिस तक उपलब्ध पांडुलिपि सामग्री के आधार पर पहुंचना संभव है।" [24] इसकी सामग्री संरचना और भारत की जलवायु को देखते हुए, पांडुलिपि साक्ष्य कुछ देर से है , लेकिन बहुत व्यापक.

स्वयं महाभारत (1.1.61) 24,000 छंदों के एक मुख्य भाग को अलग करता है: अतिरिक्त माध्यमिक सामग्री के विपरीत, भरत उचित है, जबकि आश्वलायन गृह्यसूत्र (3.4.4) एक समान अंतर बनाता है । पाठ के कम से कम तीन संशोधन आम तौर पर पहचाने जाते हैं: जया (विजय) जिसमें 8,800 छंद व्यास के हैं , भारत में 24,000 छंद हैं, जैसा कि वैशम्पायन ने सुनाया है , और अंत में महाभारत , जैसा कि उग्रश्रवा सौती ने 100,000 से अधिक छंदों के साथ सुनाया है । [25] [26] हालांकि, जॉन ब्रॉकिंगटन जैसे कुछ विद्वानों का तर्क है कि जया औरभरत उसी पाठ का उल्लेख करते हैं, और 8,800 छंदों वाले जया के सिद्धांत को ए दीपर्वन (1.1.81) में एक श्लोक की गलत व्याख्या बताते हैं। [27] पाठ के इस बड़े हिस्से का संशोधन औपचारिक सिद्धांतों के बाद किया गया था, जिसमें संख्या 18 [28] और 12 पर जोर दिया गया था । नवीनतम भागों को जोड़ने का समय अनुशासन-पर्व और विराट पर्व की अनुपस्थिति से हो सकता है। " स्पिट्ज़र पांडुलिपि "। [29] सबसे पुराना जीवित संस्कृत पाठ कुषाण काल (200 सीई) का है। [30]

एमबीएच में एक पात्र जो कहता है उसके अनुसार। 1.1.50, महाकाव्य के तीन संस्करण थे, जिनकी शुरुआत क्रमशः मनु (1.1.27), आस्तिक (1.3, उप-पर्व 5), या वसु (1.57) से हुई। ये संस्करण संवादों की एक और फिर दूसरी 'फ्रेम' सेटिंग्स को जोड़ने के अनुरूप होंगे। वासु संस्करण फ्रेम सेटिंग्स को छोड़ देगा और व्यास के जन्म के विवरण के साथ शुरू होगा । आस्तिक संस्करण में ब्राह्मण साहित्य से सर्पसत्र और अश्वमेध सामग्री को जोड़ा जाएगा , महाभारत नाम का परिचय दिया जाएगा , और काम के लेखक के रूप में व्यास की पहचान की जाएगी । इन परिवर्धनों के पुनर्निर्देशक संभवतः पंचरात्रिन थेओबेरलीज़ (1998) के अनुसार जिन विद्वानों ने संभवतः अंतिम संशोधन तक पाठ पर नियंत्रण बनाए रखा। हालाँकि , भीष्म-पर्व में हूणों के उल्लेख से यह प्रतीत होता है कि यह पर्व चौथी शताब्दी के आसपास संपादित किया गया होगा। [31]

आदि-पर्व में जनमेजय के सर्प बलिदान (सर्पसत्र) को शामिल किया गया है, जिसमें इसकी प्रेरणा की व्याख्या की गई है, जिसमें विस्तार से बताया गया है कि अस्तित्व में सभी सांपों को नष्ट करने का इरादा क्यों था, और इसके बावजूद, अभी भी अस्तित्व में सांप क्यों हैं। इस सर्पसत्र सामग्री को अक्सर "विषयगत आकर्षण" (मिन्कोव्स्की 1991) द्वारा महाभारत के एक संस्करण में जोड़ी गई एक स्वतंत्र कहानी माना जाता था , और इसका वैदिक (ब्राह्मण) साहित्य से विशेष रूप से घनिष्ठ संबंध माना जाता था। पंचविंश ब्राह्मण (25.15.3 पर) सर्पसत्र के आधिकारिक पुजारियों की गणना करता है जिनमें धृतराष्ट्र और जनमेजय के नाम शामिल हैं, जो इसके दो मुख्य पात्र हैं।महाभारत के सर्पसत्र , साथ ही तक्षक, जो महाभारत में एक साँप का नाम है , का उल्लेख मिलता है। [32]

सूपर्णाख्यान , एक उत्तर वैदिक काल की कविता है जिसे "भारत में महाकाव्य कविता के शुरुआती निशानों" में से एक माना जाता है, गरुड़ की विस्तारित कथा का एक पुराना, छोटा अग्रदूत है जो महाभारत के आदि पर्व के भीतर आस्तिक पर्व में शामिल है। . [33] [34]

ऐतिहासिक सन्दर्भ

